- गोविज्ञान अनुसंधान केन्द्र देवलापार, नागपुर (महा.) द्वारा गत छः माह में महाराष्ट्र के पब्लिक सर्विस कमीशन के 129 अधिकारी, रीजनल सेंटर फॉर ऑर्गेनिक फार्मिंग के 50 किसानों का प्रशिक्षण, अखिल भारतीय प्रशिक्षण वर्ग में 268 व्यक्तियों का प्रशिक्षण, मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के 10 किसानों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण, रायसोनी एग्रीकल्चर कॉलेज मध्य प्रदेश के 31 छात्रों का एक माह का प्रशिक्षण, रायसोनी कॉलेज आफ फार्मेसी के 10 छात्रों का एक माह का प्रशिक्षण, रायसोनी फार्मेसी कॉलेज के 53 छात्रों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण, अनुराग कॉलेज ऑफ फार्मेसी के चार छात्रों का सात दिवसीय प्रशिक्षण, 30 वेटरनरी डॉक्टर का प्रशिक्षण, पुणे यूनिवर्सिटी के 15 छात्रों का एकदिवसीय शिविर, महाराष्ट्र के पब्लिक सर्विस कमीशन के 160 छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया। कुल 1046 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रचार – प्रसार

प्रांतों में प्रचार – प्रसार प्रमुख – 44 प्रांत, 1 उप प्रांत
डिजिटल मीडिया व सोशल मीडिया एक दृष्टि में–

ट्विटर

Sl. No.	Handel	Followers	Impression	Engagements
1.	VHPDigital	413K	1.6M	230.2K
	BajrangDalOrg	99.7K	595K	97.2K
	eHinduVishwa	24K		
	VSKSamvadKendra	3.5K		
	VHPSocial Media	5.7K		
	SewaVHP	1K		
	DurgaVahiniOrg	5.5K		

फेसबुक पेज :

Sl. No.	Handel	Followers	View	Content Interaction
1.	**VHPDigital**	**170K**	**3.7M**	**198.6K**
2	**BajrangDalOrg**	**94.1K**	**233K**	**12.7K**
3	**eHinduVishwa**	**8.8K**	33.9K	**1.4K**
4	**VSKSamvadKendra**	**1.4K**	**50.3K**	**1.6K**
5	**VHPSocial Media**	**1.4K**	**8.7K**	**351**
7	**DurgaVahiniOrg**	**8.8K**	**14.3K**	**558**

C. WA / Telegram Channel :-

Platform	Channel	Followers	Subscribers
WA चैनल	VHPDigital	2.9K	
	BajrangDalOrg	45	
	DurgaVahiniOrg	45	
	VSK	344	
टेलीग्राम चैनल	VHPdigital		3.9K
	BajrangdalOrg		2.3K
	DurgaVahiniOrg		15
	VSK		5

यूट्यूब :

Channel Name	Duration	Subscribers
VHPDigital	**2025 Yr**	17.5K
Hindu Vishwa		11
VSK		13

इंट्राग्राम :

Sl. No.	Handel	Followers	Reach	View	Content Interactions
1.	DigitalVHP	213K	1.1M	7M	346.1K
2	eHinduVishwa	117K	130K	350K	49K
3	Bajrangdal_Org	48.7K	34.4K	160K	7.3K
4	VHPSocialMedia	68.3K	58K	189.2K	14.7K
5	VSKSamvadKendra	11.2K	1.1M	1.9M	276.3K
6	DurgaVahiniOrg	8.2K	7.3K	34.3K	1.5K

पत्र–पत्रिकाएँ प्रसारण :

Sl. No.	Megazie Name	Language	Subscription	Other Details
1.	हिंदू विश्व	हिन्दी	3,000	
2.	गोसंपदा	हिन्दी	5,000	
3	हिंदू विश्व	मलयालम	20,000	
4	विश्व धर्म वाणी	तेलगू	2,500	
5	विश्व हिंदू	तेलगू	3,500	
6	हिंदूवाणी	कन्नड़	2,250	
7	हिंदू मित्रन	तमिल	1,000	ई पत्रिका
8	समरसता सेतु	हिन्दी	2,000	
9	हिंदुबोध	मराठी	1,000	
10	पूर्वोत्तर समाधान	बंगला, असमिया	-	
11	हिंदुवार्ता	बांग्ला	4,500	
12	हिमालय ध्वनि	हिन्दी	3,000	
13	हिंदू वर्ल्ड	अंग्रेजी	प्रकाशित नहीं हो रही है	
14	हिंदू संवेदना	हिन्दी	1,800 कॉपी मासिक	

15	अभिव्यक्ति सौरभम	संस्कृत	प्रकाशित नहीं हो रही है	
16	राष्ट्र वंदना	हिंदी	6 माह में प्रकाशित होती है	
17	शंखनाद	असमिया	-	त्रैमासिक
18	हिन्दू सन्देश	गुजरती	5,000	मासिक प्रकाशित होती है और पोर्टल भी चलता है

Website (Vhp.org) Visitors / Views (July to December 2025) :

A. Cities – 1,497
B. Total Views – 2,57,560
C. Total Views in Bharat – 2,45,928
D. Countries- 110
E. Regions – 35

7. केंद्रीय सोशल मीडिया टोली – 6 कार्यकर्ता

8. प्रचार – प्रसार विभाग द्वारा गत छ: माह में किये गए कार्य

सोशल मीडिया केंद्रीय टोली द्वारा विहिप स्थापना दिवस, श्रद्धेय अशोक जी की जयंती और गणेश चतुर्थी पर कुटुंब प्रबोधन के विषय पर ट्रेंड चलाया गया। श्रद्धेय अशोक सिंहल जी की जयंती व स्थापना दिवस पर किया गया ट्रेंड भारत में दूसरे स्थान पर रहा, कुटुंब प्रबोधन पर किया ट्रेंड #Sanyukt Parivar Sukhi Parivar देश में 12 वें स्थान पर रहा।

I Love Muhammad के विरुद्ध टीवी डिबेट के माध्यम से विरोध किया गया और प्रत्युत्तर दिया गया, साथ ही सोशल मीडिया पर अभियान #ILoveIndia चलाया गया। वह ट्वीटर ट्रेंड भारत में दूसरे स्थान पर रहा।

केंद्रीय प्रचार विभाग ने कुटुंब प्रबोधन के विषय पर कंटेंट बनाया और सोशल मीडिया समेत व्हॉट्सएप के सभी ग्रुपों में वितरण करने का कार्य किया।

संघ स्थापना दिवस पर नागपुर से पूजनीय सरसंघचालक जी के उद्बोधन को केंद्र और प्रांत के फेसबुक पेजों से केंद्र द्वारा लाइव किया गया।

केंद्रीय प्रचार विभाग द्वारा नियमित रूप से होने वाली प्रेस वार्ता, प्रेस नोट और लाईव किए गये।

हरिगढ़ (अलीगढ) में प्रचार विभाग की सक्रियता से डांडिया नाइट के कार्यक्रम को बंद कराया गया।

जयपुर में लव जिहाद के प्रकरण में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर मुस्लिम परिवार द्वारा अफवाह एवं झूठे प्रकरण आए, जिसे प्रचार विभाग द्वारा संज्ञान में लिया गया और मीडिया के माध्यम से साक्ष्य सहित सही समाचार प्रसारित करवाकर कार्यकर्ताओं के विरुद्ध झूठे प्रकरण को दर्ज होने से बचाया।

जयपुर में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसे लव जिहाद से जोड़कर प्रसारित किया गया था, जिस पर प्रचार प्रसार विभाग एवं सोशल मीडिया की टोली ने संज्ञान में लिया, प्रशासन के माध्यम से दो युवकों की पहचान एवं विद्यालय की पुष्टि करके उचित कारवाही करवाई एवं उक्त वीडियो को सभी सोशल मीडिया हैंडलिंग ग्रुप अकाउंट से रिमूव करवाया।

जयपुर में सोशल मीडिया के माध्यम से यह खबर मिली कि 24X7 स्टोर से बीफ वाले लेस कंपनी के चिप्स बेचे जा रहे हैं, जिस पर मौके पर बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुँचे और प्रचार विभाग द्वारा मीडिया के माध्यम से इसकी न्यूज एवं सोशल मीडिया टोली के माध्यम से समाचार को प्रशासन तक पहुँचाया गया, जिस पर उचित कार्रवाई कर स्टोर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कराया गया।

कोंकण : भिवंडी धर्मांतरण प्रकरण में अमेरिकी सेना का पूर्व अधिकारी शामिल था। इस प्रकरण को कोंकण के प्रचार विभाग द्वारा उठाया गया, भिवंडी के चिंबीपाड़ा स्थित आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को पैसे का लालच देकर और 'चमत्कार' दिखा कर धर्मांतरण कराने के मामले में उक्त अमेरिकी नागरिक को गिरफ्तार किया गया, अब इसकी जांच की जा रही है।

कोंकण : शिवड़ी पुलिस ने बजरंग दल कार्यकर्ता की अवैध गिरफ्तारी की थी, इस गिरफ्तारी को अवैध ठहराते हुए पुलिस को एक (शिकायत पत्र) सौंपा। इसमें प्रचार विभाग ने सक्रियता दिखाते हुए विषय को उठाया और फैक्ट फाइंडिंग कर मामले को मीडिया और सोशल मीडिया में प्रमुखता से उठाया।

कोंकण : गणेश उत्सव के दौरान कुटुंब प्रबोधन विषय पर विद्वान लेखकों से लेख लिखाए गए, जिन्हें प्रमुख समाचार पत्रों द्वारा विशेष रूप से स्थान प्रदान किया गया।

स्थापना दिवस के अवसर पर प्रचार विभाग ने चिन्मय मिशन तथा रामकृष्ण मठ के पूज्य संतों द्वारा शुभकामना संदेश प्राप्त कर प्रेषित किए।

इंद्रप्रस्थ प्रांत में अखिल भारतीय सोशल मिडिया का विशेष वर्ग पूर्ण हुआ, जिसमें 28 प्रांतों से 76 कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

'हिंदुत्व के विमर्श चुनौतियाँ और समाधान' विषय पर हिंदू अध्ययन केंद्र, दिल्ली विश्वविद्यालय और लाल बहादुर शास्त्री विश्वविद्यालय के सह संयोजन में विमर्श की अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न हुई, जिसमें 325 शोधार्थियों ने सारांश भेजकर कर अपना पंजीकरण कराया जिसमें 160 शोध पत्र चयनित हुए और 6 समानांतर सत्रों के माध्यम से विषय रखे गए।

धर्म स्वातन्त्र्य के विषय पर पत्र बनाया गया, जिसका उपयोग प्रांतों के द्वारा किया गया।

नवंबर माह के अंत में मौलाना मदनी द्वारा वंदेमातरम व सर्वोच्च न्यायालय के विरोध में तथा जिहाद के समर्थन में भड़काऊ भाषण दिया, उसके विरुद्ध प्रचार विभाग ने प्रचार तंत्र के सभी आयामों पर विषय उठाया।

10 प्रांतों में बैठक व प्रशिक्षण वर्ग आयोजित हुए, जिसमें केंद्रीय प्रचार टोली के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

विमर्शों के content जेनेरेशन और प्रसारण के कार्य में प्रचार विभाग की विशेष भूमिका रही है। सभी प्रांतों के ग्रुप बनाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिले के ग्रुप बनाने की प्रकिया जारी है, 47 प्रांत व उप प्रांत के कुल 996 जिलों के ग्रुप बनाये जा चुके हैं।

बैठक

१. केंद्रीय प्रचार टोली नियमित बैठक प्रत्येक दिन प्रातः 8 बजे

२. अखिल भारतीय बैठक – प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख (ऑनलाइन) प्रत्येक माह पहले शनिवार
प्रांत सोशल मीडिया प्रमुख (ऑनलाइन) प्रत्येक माह दूसरे शनिवार

9. केंद्रीय प्रचार प्रसार विभाग द्वारा जून से दिसंबर माह तक–

प्रेस कांफ्रेंस – 2 प्रेस विज्ञप्ति – 4 लिखित संदेश –7 वीडियो संदेश – 9

लाइव कार्यक्रम – 3 (नागपुर विजयदशमी कार्यक्रम, विश्व संवाद केंद्र में पूज्य जितेंद्रानंद जी व डॉ. सुरेन्द्र जी की प्रेस वार्ता, मा. आलोक जी की प्रेस वार्ता)

विशेष सम्पर्क विभाग

प्रांत प्रमुख	–	43	प्रांत सह प्रमुख	–	35	प्रांत टोली	–	36
विभाग केंद्र प्रमुख	–	102	नगर निगम प्रमुख	–	34	जिला प्रमुख	–	570
						कुल योग	–	706

संवाद कार्यक्रम

1) संवाद कार्यक्रम – 22 स्थान प्रांत – 15 कुल उपस्थित की संख्या 4,511

उपस्थित श्रेणियाँ–डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, प्रशासनिक अधिकारी, सेवानिवृत्त न्यायाधीश, प्रोफेसर, बड़े व्यवसायी, उद्योगपति, वकील, कुलीन लोग, बुद्धिजीवी, ISRO वैज्ञानिक, प्रोफेसर।

उल्लेखनीय/प्रमुख संवाद कार्यक्रम

क्रम	प्रांत का नाम	कार्यक्रम स्थान	कार्यक्रम तिथि	प्रतिभागी श्रेणी	उप. सं.
1	मध्य भारत	ग्वालियर	27.08.25	शहर के विशिष्ट महानुभाव	50
2	मध्य भारत	भोपाल	01.08.25	डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, वकील, प्रशासनिक अधिकारी, व्यापारी, प्रोफेसर	124
3	उत्तर गुजरात	अहमदाबाद	17.11.25	ISRO के वैज्ञानिक	10
4	महाकौशल	रीवा	02.11.25	चार्टर्ड अकाउंटेंट, वकील, कम्युनिटी लीडर, विद्यायक	50
5	महाकौशल	सिंगरौली	02.11.25	शहर के विशिष्ट महानुभाव	600
6	महाकौशल	सिंगरौली	30.11.25	शहर के विशिष्ट महानुभाव	900
7	दक्षिण गुजरात	सूरत	23.10.25	शिक्षाविदों	42
8	दक्षिण गुजरात	सूरत	05.12.25	चार्टर्ड अकाउंटेंट, उद्योगपति, सामाजिक नेता	35
9	उत्तर कर्नाटक	बेलगावी	18.09.25	व्यवसायी, उद्योगपति, पेशेवर	38
10	मालवा	नीमच	09.11.25	सभी श्रेणियाँ	300
11	मालवा	इंदौर	01.12.25	सिख समाज के खास लोग (गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस का प्रोग्राम)	300
12	पंजाब	चंडीगढ़	18.7.25	अधिवक्ता	35
13	उत्तर पूर्व	गुवाहाटी	02.07.25	चार्टर्ड एकाउंटेंट	15
14	सौराष्ट्र	जामनगर	19.11.25	सभी श्रेणियाँ	195
15	दक्षिण आंध्र	करनूल	01.11.25	सभी श्रेणियाँ	80
16	दक्षिण आंध्र	नंदीगांव	29.11.25	अधिवक्ता	32

17	काशी	प्रयागराज	27.10.25	पेशेवर, व्यापारी	25
18	काशी	प्रयागराज	27.10.25	सिंधी समाज के व्यापारी	20
19	विदर्भ	नांदेड़		सिख समुदाय के बुजुर्ग	50
20	विदर्भ	गोंदिया		सकल समाज	1000
21	चित्तौड़	कोटा	24.08.25	शहर के विशिष्ट महानुभाव	500
22	इन्द्रप्रस्थ	दिल्ली	01.10.25	रेलवे अधिकारी (IRTS)	10

सांस्कृतिक गौरव संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम

सांस्कृतिक गौरव संस्थान कार्यक्रम प्रांत – 02 स्थान – 03

कुल उपस्थित की संख्या – 400

क्रम	प्रांत का नाम	कार्यक्रम स्थान	कार्यक्रम तिथि	प्रतिभागी श्रेणी	उप0 सं0
1	दिल्ली	केंद्रीय कार्यालय	08.11.25	केंद्रीय विश्वविद्यालय और आईआईटी के शोध छात्र	50
	हरियाणा				
3	लखनऊ	लखनऊ	28.09.25	हिंदू मूल्यों पर कार्यक्रम और श्री अशोक सिंहल जी की जयंती समारोह	250

विधायक संपर्क अब तक हुआ

क्रम	प्रांत का नाम	अवधि/तिथियाँ	संपर्क किए गए विधायक की संख्या
1)	मध्य भारत	अगस्त–2025	65
2)	महाकौशल	अगस्त–2025	80
3)	मालवा	अगस्त–2025	44
4)	पंजाब	नवंबर–2025	7
5)	त्रिपुरा	जुलाई–2025	6
		कुल योग	**202**

श्रेणी के अनुसार – अब तक बनी सूची

क्रम	श्रेणी	संर्पकों की संख्या
01	राजनेता (सांसद, विधायक, पार्षद, पार्टी अध्यक्ष, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व एमएलसी आदि, मंत्री, पूर्व मंत्री)	2,659
02	प्रशासक (IAS, IPS) जिलाधिकारी, RDO, ग्रुप 1 अधिकारी, दूसरे सेवारत व सेवानिवृत्त अधिकारी)	1,303
03	व्यवसायी, उद्योगपति, उद्यमी	1,340
04	वकील, एडवोकेट और लॉ फर्म के मालिक, कॉपोरेट लॉ फर्म के मालिक, एसोसिएट	1,929
05	शिक्षाविद, कोचिंग और शैक्षणिक संस्थान के मालिक	1,680
06	डॉक्टर	1,146
07	प्रोफेशनल्स (CA, CS, CMA, आदि)	1,005
08	पुरस्कार–राज्य, केंद्र स्तर पर खेल, कला, समाजसेवा में पुरस्कार विजेता	617
09	लेखक, कवि, अलग–अलग क्षेत्रों के जाने–माने लोग	750
10	सामाजिक संगठन नेता	900
11	शिक्षक, प्रोफेसर, कुलपति, व्याख्याता	1,200
12	अन्य	1,277
	कुल योग	**15,806**

नैतिक मूल्य शिक्षण वृत्त

संगठन – क्षेत्र – 9, प्रांत – 24, जिले – 304
विद्यालय – 4,189 विद्यार्थी – 3,70,762

प्रांतों के विशेष वृत्त

सामाजिक समरसता गोष्ठी–बाड़मेर, जोधपुर प्रान्त

सामाजिक समरसता गोष्ठी में पूज्य संत व पूज्य साध्वी जी एवं विश्व हिन्दू परिषद् के मान. केन्द्रीय सह संगठन महामंत्री श्री विनायक राव देशपांडे मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष समाजसेवी श्री उदाराम जी मेघवाल रहे, जो बाड़मेर व जैसलमेर जिले में अनुसूचित जाति में प्रभावी और सर्वमान्य व्यक्ति हैं। मुख्य अतिथि के रूप में रावत त्रिभुवन सिंह जी, राजपरिवार से व करणाराम जी चौधरी–वरिष्ठ अधिवक्ता, जयपाल जी वाल्मीकि–अध्यक्ष वाल्मीकि समाज, जोगेंद्र सिंह चौहान–युवा उद्यमी, चांदाराम जी भील–भील समाज सहित सभी समाज का प्रतिनिधित्व रहा।

बाड़मेर जिला केंद्र पर सामाजिक समरसता गोष्ठी में पूरे जिले से 20 से अधिक जाति–बिरादरी का प्रतिनिधित्व रहा। मुख्य विशेषता यह रही कि मंदिर पुजारी का सामाजिक सरोकार कार्य के लिए मंच से श्री उदाराम जी मेघवाल व रावत त्रिभुवन सिंह जी द्वारा सम्मान किया गया। श्री उदाराम जी मेघवाल ने पहली बार हिन्दू संगठन के मंच पर आकर सामाजिक विषमता के बारे में बात की व हिन्दू संगठन द्वारा चल रहे समरसता के कार्य की प्रसंशा की व कहा कि दोनों तरफ से प्रयास की सघन आवश्यकता है।

प्रतिनिधित्व – कुल प्रखंड–8, उपस्थित प्रखंड–8, कुल उपस्थित गाँव–47, उपस्थित मातृशक्ति–37, उपस्थित पुरुष–352, कुल योग–389

विहिप–श्रीगंगानगर द्वारा गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस पर पावन समागम

सभा में कुल 30 महिला व 200 पुरुष (200 में से आधी संख्या केशधारी बधुओं की थी), कुल उपस्थित संख्या–230 रही।

विश्व हिन्दू परिषद श्रीगंगानगर द्वारा नौवें पातशाह "हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी" के 350वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में ट्रेड्स एसोसिएशन हाल, नई धानमंडी में एक पावन एवं गरिमामय समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिख संगत सहित सर्व सनातन समाज के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में सहभाग कर गुरु साहिब के अमर बलिदान को श्रद्धापूर्वक समरण किया और पुष्पांजलि अर्पित की।

समागम के मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद, पंजाब प्रांत के कार्याध्यक्ष श्री हरप्रीत सिंह गिल ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और उनके द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने गुरु साहिब को धार्मिक स्वतंत्रता, मानवाधिकार, सत्य और न्याय की रक्षा का महान प्रतीक बताया। उन्होंने भाई मति दास जी, भाई सती दास जी, भाई दयाला जी, भाई जेठा जी (जीवन सिंह जी) और भाई लखीशाह बंजारा सहित उन अनेक महापुरुषों के बलिदानों का भी संस्मरण कराया, जिन्होंने गुरु साहिब के सिद्धांतों और मूल्यों के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया। उनके अनुसार गुरुओं की शिक्षाएँ आज भी समाज को समरसता, निरंतरता और धर्मनिष्ठा के मार्ग पर अग्रसर करने में सक्षम हैं। समागम के दौरान "वाहेगुरु जी दा खालसा, वाहेगुरु जी दी फतेह", "जो बोले सो निहाल–सत श्री अकाल" तथा "जय श्री राम" के जयकारों से सभागार ओजपूर्ण वातावरण से गूँजता रहा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित संगत ने प्रेमपूर्वक लंगर–प्रसाद ग्रहण किया।

मुख्य अतिथि सरदार ताल सिंह जी मटू (सेवानिवृत्त प्रिंसिपल), विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य वक्ता श्री हरप्रीत सिंह गिल (कार्याध्यक्ष विहिप, पंजाब प्रांत), विशिष्ट अतिथि के रूप में सरदार हरदर्शन सिंह जी, मुख्य सेवादार गुरुद्वारा भगत नामदेव जी, सरदार मंजीत सिंह सिद्धू, मुख्य सेवादार गुरुद्वारा जोरावर सिंह, फतह सिंह, रिद्धि सिद्धि, सरदार हरगुण सिंह जी, मुख्य सेवादार गुरुद्वारा मक्खन सिंह लबाना, सरदार विचित्र सिंह जी, सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक सेवादार गुरुद्वारा श्री हरिकृष्ण साहिब, जवाहर नगर, श्री देवेन्द्र सिंह, सेवानिवृत्त अधिकारी, रामगणिया समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष तरना दल के प्रधान बाबा हरपाल सिंह, रा.स्व.संघ के जिला संघचालक श्रीमान अमरचंद बोर्ड उपस्थित थे। विहिप–जिला अध्यक्ष उमाशंकर मित्तल, उपाध्यक्ष जगदेव सिंह बराड़, जिला मंत्री नरेश चराया एवं अन्य पदाधिकारियों ने आमंत्रित मुख्य वक्ता, मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का भावपूर्ण स्वागत किया व सभी के सहयोग हेतु आभार प्रकट किया।

हिन्दू शंखनाद हिन्दुओं का अनूठा ऐतिहासिक संगम विहिप–जोधपुर प्रान्त

वीरभूमि पाली की पावन धरा पर रविवार आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या विक्रम संवत 2082 तदनुसार 21 सितम्बर 2025 को 75 पूज्य संतों के पावन सानिध्य में हिन्दू शंखनाद का उद्घोष शंखध्वनि से हुआ। पाली विभाग के तीनों जिलों से 21585 उपस्थिति ऐतिहासिक हिन्दू शंखनाद के साक्षी बने।

शंख की ध्वनि से गूंजता गगन, जय श्रीराम, हर हर महादेव के स्वरों की आवाज शहरवासियों के कानों में गूंज रही थी, जैसे पाली अयोध्या मथुरा काशी बन गया हो। केवल पाली में ही नहीं वरन समूचे राजस्थान में पाली का हिन्दू शंखनाद चर्चित रहा, जिसमें सामाजिक समरसता, धर्मांतरण, नशा मुक्ति, गौ हत्या, हिन्दुओं पर हो रहे आत्याचार, मदिरों की सरकारी नियंत्रण से मुक्ति, कुटुंब प्रबोधन व जनसँख्या असंतुलन जैसे प्रमुख विषय रहे।

पूज्य जैनाचार्य श्री कमलप्रभ सागर ने हिन्दू जनसंख्या असंतुलन पर जोर देते हुए कहा कि युवा कहते हैं टू इनकम नो किड्स। चिंताएं बढ़ रही हैं कि हमारे युवा कहाँ जा रहे हैं, उन्हें समझाने की आवश्यकता है। हम दिनोंदिन कम होते जा रहे हैं, आवश्यकता है हम दो हमारे दो को छोड़कर कम से कम हम दो हमारे तीन हों।

बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक श्री नीरज दौनेरिया ने युवाओं में बढ़ते नशों की रोकथाम हेतु बजरंग दल के राष्ट्रवादी अभियान का शुभारंभ किया। युवा शक्ति कमजोर होगी तो राष्ट्र और धर्म स्वतः कमजोर हो जायेंगे। हमें नशा को देश के नक्शे से हटाना पड़ेगा, विरोधी ताकतें इसी दिशा में कार्य कर रही हैं, जिनसे हमें बचना होगा। हम सभी एक होकर इस दिशा में कार्य करें। राष्ट्रीय सह संयोजक बजरंग दल किशन जी प्रजापत ने नशा मुक्त युवा का संकल्प कराया। साध्वी समाहिता दीदी ने लव जिहाद के साथ कोख जिहाद व कुटुंब में संस्कारों की कमी की बात करते हुए कहा कि हमें अपनी बहन–बेटियों को बचा कर विश्व को प्रेरणा देने वाला समाज निर्माण करना है, जिसमें

मातृशक्ति के महत्व की भूमिका है। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने कहा कि जो हिन्दू को निशाना बना रहे हैं हम उनको सबक सिखायेंगे और भगवा कभी आतंक का पर्याय नहीं होता। केन्द्रीय मंत्री श्री शंकर जी गायकर ने कहा कि पाली में हिन्दू शंखनाद हो रहा है, किन्तु हमें हर गाँव में शंखनाद करना है, तब समरसता निर्माण होगी।

संचालन विहिप जोधपुर प्रान्त मंत्री श्री परमेश्वर जोशी एवं स्वागत उद्बोधन प्रांत संगठन मंत्री श्री राजेश जी ने दिया। पाली विभाग के 571 कार्यकर्ता, जिनमें 425 पुरुष एवं 146 बहनों ने दिन रात लगातार मेहनत कर पाली विभाग, 15 प्रखंडों के 205 खंडों में से 199 खंडों व 891 गाँवों में से 536 गाँवों का संपर्क हुआ, जिसमें 222 खंडों व 513 गाँवों की उपस्थिति रही। हिन्दू शंखनाद के लिए 400 से अधिक बैठक हुई और 349 गाँवों में श्रीफल वितरण कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 425 पुरुष व 146 बहन कार्यकर्ता सक्रिय रूप से लगे।

विहिप नेपाल विशेष कार्यक्रम

1. कुल जिला–77, समिती युक्त जिला–59, कुल पालिका–753, कार्ययुक्त–184 पालिका,
2. राष्ट्रीय परिषद शिक्षा वर्ग कुल 77 जिलों में से 40 जिलों का कुल 172 संख्या का प्रशिक्षण पूर्ण हुआ है। नई योजना में कुल साप्ताहिक सत्संग केन्द्र 874 संख्या हुई है।
3. सामूहिक विवाह 41 जोड़ी का सम्पन्न हुआ।
4. जनकल्याण प्रतिष्ठान एकल विद्यालय 49 जिलों में 1,050. ग्रामों में संचालित हैं।
5. सत्संग सामग्री 100 स्थानों पर दिया गया और 50 वितरण होगा।
6. सिलाई सेंटर 4 स्थान में हैं, किसान प्रशिक्षण केन्द्र 1 स्थान (गौशाला सहित)
7. माननीय मिलिन्द जी के कोशी प्रदेश प्रवास में विराट नगर में मन्दिर समिति तथा युवा प्रबोधन 312 संख्या, कुटुम्ब प्रबोधन् का परिवार मिलन कार्यक्रम में 207 परिवार से 413 संख्या, झापा जिला प्रवास में मन्दिर समिति प्रबोधन कार्यक्रम में 327 संख्या, कुटुम्ब प्रबोधन् कार्यक्रम में 277 परिवार से 607 संख्या उपस्थित रही।
8. वीरगंज महानगर में 232 संख्या में युवा समिति विस्तार तथा 25 हनुमान चालीसा पाठ के बलोपासना केन्द्र निर्माण हुए हैं।

इन्द्रप्रस्थ प्रांत

18 अक्टूबर 2025 – दिल्ली में आयोजित एक ऐतिहासिक सभा में प्राचीन इंद्रप्रस्थ के गौरव को पुनः प्रतिष्ठित करने का संकल्प दोहराया गया। यह आयोजन इंद्रप्रस्थ योगक्षेम न्यास के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ, इसका उद्देश्य राजा हेमचन्द्र विक्रमादित्य और अन्य हिन्दू राजाओं के स्मारक बनाने के बारे में था, जिसमें दिल्ली के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पुनर्जागरण को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। कार्यक्रम की प्रस्तावना दिल्ली प्रांत मंत्री ने प्रस्तुत की। उन्होंने कहा "नाम केवल इसलिए नहीं बदलने चाहिए कि वे किसी आक्रांता के नाम पर हैं, बल्कि इसलिए भी कि किसी नाम का स्मरण हमारे ऐतिहासिक दृष्टिकोण को कितनी दूर तक ले जाता है। जब हम 'दिल्ली' कहते हैं तो हमारी दृष्टि केवल दो हजार वर्ष तक जाती है, पर जब हम 'इंद्रप्रस्थ' कहते हैं तो हम पाँच हजार वर्षों के गौरवशाली इतिहास से जुड़ते हैं। अतः दिल्ली का नाम बदलकर पुनः इंद्रप्रस्थ किया जाना चाहिए।" आदरणीय सांसद श्री प्रवीण खंडेलवाल जी ने कहा कि "इंद्रप्रस्थ की चर्चा पांडवों के बिना अधूरी है। शीघ्र ही इंद्रप्रस्थ क्षेत्र में पाँचों पांडवों की भव्य प्रतिमाएँ स्थापित की जाएंगी। यह मांग केवल कुछ व्यक्तियों की नहीं बल्कि हर हिन्दू के हृदय की आवाज है।" उन्होंने विहिप की सभी मांगों का समर्थन करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी को पत्र भेजा।

23 अक्टूबर 2025 – विहिप इंद्रप्रस्थ प्रांत ने जिहादी–मुक्त दिल्ली के संकल्प के साथ छठ पर्व पर विशेष पहल शुरू की है। इस पहल के अंतर्गत दिल्ली के सभी 30 जिलों में अलग–अलग स्थलों पर विहिप के स्टॉल लगाकर भक्तों को प्रमाणित, शुद्ध और उपयोगी पूजा सामग्री उपलब्ध करायी। इसके साथ ही इच्छुक हिन्दू दुकानदारों, ठेलीवालों और रेहड़ी–पटरी वालों को विहिप की ओर से सत्यापन के पश्चात् 'सनातन प्रतिष्ठा' का आधिकारिक स्टीकर प्रदान किया गया। ऐसे स्टीकर लगभग 300 दुकानदारों को दिये गये, जिससे भक्त सुविचारित और प्रमाणित स्रोत से पूजा सामग्री प्राप्त किये। विहिप इंद्रप्रस्थ के प्रांत मंत्री श्री सुरेन्द्र गुप्ता ने इस विशेष अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य हिन्दू त्योहारों पर भक्तों को शुद्ध, प्रमाणित और पारंपरिक पूजा सामग्री उपलब्ध कराना तथा धार्मिक–सांस्कृतिक स्वाभिमान को मजबूत करना।

30 नवंबर 2025 – इंद्रप्रस्थ प्रांत द्वारा कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया (स्पीकर हॉल) में एक महत्वपूर्ण जिहाद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज, राष्ट्र और मानवता के समक्ष बढ़ती चुनौतियों पर प्रकाश डालना और उनके समाधान प्रस्तुत करना था। आचार्य श्री के. आर. मनोज जी, संस्थापक एवं निदेशक–आर्य विद्या समाजम् ने विषय "समाज, राष्ट्र और मानवता के समक्ष समकालीन संकट–छह ब्रेनवॉशिंग शक्तियाँ और आर्य विद्या समाजम् के प्रमाणित समाधान" पर प्रभावी विचार रखे। उन्होंने बताया कि आज समाज को संगठित होकर इन चुनौतियों का सामना करना होगा और शिक्षा व संस्कार के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाना होगा। साथ ही केरल से आचार्य जी के साथ आये प्रतिनिधि मण्डल की 12 बहनें और 2 पुरुषों ने जिहाद के ऊपर एक सुन्दर नाट्य प्रस्तुत किया। आचार्य जी ने कार्यक्रम में आए हुए सभी बन्धुओं का मार्गदर्शन किया। यह अत्यन्त ही जागरूक और भावुक करने वाला कार्यक्रम था।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली की मुख्यमंत्री आदरणीय श्रीमती रेखा गुप्ता जी उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि 'प्रेम के नाम पर लड़कियों का जीवन बर्बाद करना, धर्म परिवर्तन करवाना और उनकी शारीरिक–मानसिक स्थिति को नष्ट करना कैसे जिहाद है, यह समाज को समझना होगा ? 'केरला स्टोरी' के माध्यम से आम लोग जान पाए कि कट्टरपंथी सोच कितनी भयावह है? प्रेम शब्द हमारे वेद, उपनिषद और इतिहास का हिस्सा हैं, लेकिन प्रेम के नाम पर जिहाद का मुखौटा पहनकर धर्मान्तरण का नया रूप, जिसमें नफरत, विनाश और अत्याचार है, उस सोच को खत्म करना और अपनी बेटियों को बचाना हम सबका कर्तव्य है।

(बजरंग लाल बागड़ा)
महामन्त्री

हस्तिनापुर–मेरठ, पौष कृष्ण त्रयोदशी, वि.सं. 2082, तदनुसार 17 दिसम्बर, 2025

केन्द्रीय प्रन्यासी मण्डल बैठक

जम्बू द्वीप, हस्तिनापुर, 17-18-19 दिसम्बर 2025

धार्मिक अल्पसंख्यक की योग्य एवं तार्किक परिभाषा करने की आवश्यकता

वर्तमान में धार्मिक अल्पसंख्यक – अवधारणा तथा इसके औचित्य को स्पष्टता से समझने की आवश्यकता है। भारत में अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा देकर कुछ विशेष समुदायों को धर्म के आधार पर विशेष सुविधाएँ एवं अधिकार दिए गए हैं। किन्तु कुछ समुदाय विशेष उनका दुरुपयोग कर कुछ मेडिकल एवं इंजीनियरिंग आदि उच्च शिक्षा संस्थानों में अलगाववाद की ओर बढ़ते हुए आतंकवादी एवं देशद्रोही गतिविधियों का प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसका ज्वलन्त उदाहरण फरीदाबाद का अल – फलाह विश्वविद्यालय है।

अल्पसंख्यक अवधारणा के अन्तर्गत मात्र शिक्षा संस्थानों के ट्रस्ट/समिति की अल्पसंख्यक पहचान होना पर्याप्त नहीं है। सुझाव है कि शिक्षा के अधिकार के अन्तर्गत उनके द्वारा संचालित संस्थानों में छात्रों की संख्या 75 प्रतिशत होना आवश्यक है। किन्तु व्यवहार में वहाँ सामान्य छात्रों की संख्या अधिक होती है।

सन् 1992 में केन्द्र की काँग्रेस सरकार ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम 1992 बनाया तथा उसके बाद राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया, जिसके अन्तर्गत अल्पसंख्यकों को असीमित स्वातन्त्र्य एवं सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इस अल्पसंख्यक अवधारणा के कारण अल्पसँख्यकों के उपासना स्थल, शिक्षा केन्द्र एवं पाठ्यक्रम आदि में सरकार का कोई नियन्त्रण नहीं होने के कारण वोट बैंक की राजनीति से राष्ट्रीय एकता और अखण्डता पर गहरा संकट निर्माण हुआ है।

भारत – 'एक जन–एक राष्ट्र' है यही हमारे संविधान निर्माताओं की मूल मान्यता थी।

भारत में अल्पसंख्यकों को सामान्य जन की अपेक्षा अधिक अधिकार मिले हुए हैं। इसलिए हिन्दू समाज के अनेक वर्ग अधिक अधिकारों और सुविधाओं के लालच में स्वयं के लिए अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त करने की होड़ में लगे हैं।

इस सम्बन्ध में कुछ तथ्य उल्लेखनीय हैं –

1. भारतीय संविधान की मूल अवधारणा में अल्पसंख्यक शब्द की परिभाषा नहीं है।
2. ईसाई और इस्लाम मतावलम्बियों से मजहब के आधार पर भारत में कभी भेदभाव नहीं किया गया है।
3. वे समुदाय जिनकी जनसँख्या वृद्धि दर देश के अन्य समुदायों से अधिक है, अल्पसंख्यक कैसे हो सकता है ?
4. जब संविधान में भाषा, क्षेत्र, लिंग उपासना आदि के भेदों से ऊपर उठकर सभी को समान अधिकार दिये गए हैं, तो अल्पसंख्यक, बहुसंख्यक के आधार पर देश को समुदायों में बांटना औचित्यपूर्ण नहीं है।

अल्पसंख्यक कौन नहीं हो सकता :

1. जो समुदाय विश्व की जनसंख्या में बहुसंख्यक के रूप में क्र. 1 और 2 पर हैं जैसे ईसाई और मुसलमान।
2. ऐसे बहुराष्ट्रीय रिलीजन (Multi National Religion) जो विश्व जनसँख्या में प्रभावी हैं।
3. जिनकी जनसँख्या विश्व में और भारत में भी निरन्तर बढ़ रही है।
4. जिन समुदायों को मजहब (रिलीजन) के आधार पर उत्पीड़न नहीं झेलना पड़ा।

अब समय आ गया है कि अल्पसंख्यक की योग्य एवं तार्किक परिभाषा की जाए। विगत में सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार से अल्पसंख्यक शब्द को परिभाषित करने का आग्रह किया था, साथ ही अल्पसंख्यकवाद के खतरों से सावधान किया था। संविधान की धारा 30 में अल्पसंख्यक समुदाय को जो अधिकार एवं सुविधाएँ प्राप्त हैं, उन सभी का लाभ 'एक जन –एक राष्ट्र' की मूल मान्यता के अनुसार सम्पूर्ण भारतीय धार्मिक समुदायों को मिलना चाहिए।

विश्व हिन्दू परिषद का प्रन्यासी मण्डल देश के प्रबुद्ध जनों से इस विषय में चर्चा का अनुरोध करता है तथा भारत सरकार एवं संसद से मांग करता है कि अल्पसंख्यक शब्द की योग्य एवं तार्किक परिभाषा करें।

प्रस्तोता : श्री अशोक जी तिवारी, हरिद्वार

अनुमोदक : श्री मणिकण्डन जी, तमिलनाडू

केन्द्रीय प्रन्यासी मण्डल बैठक
जम्बू द्वीप, हस्तिनापुर, 17-18-19 दिसम्बर 2025

देश में जिहादी चुनौतियाँ और उनका समाधान

सम्पूर्ण विश्व आज मुसलमानों के एक वर्ग की अन्धविश्वास एवं कट्टरता जनित जिहादी मानसिकता से त्रस्त है। 14 दिसम्बर को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित विश्व–प्रसिद्ध बॉन्डी बीच पर जिहादी आतंकी हमला हुआ। यह घटना इस तथ्य की पुष्टि करती है कि जिहादी आतंकवाद अब केवल भारत की ही नहीं, बल्कि अमेरिका सहित सम्पूर्ण विश्व के लिए एक गम्भीर और निरन्तर बढ़ता हुआ खतरा बन चुका है। भारत तो विगत 1300 वर्षों से इसके दंश को झेल रहा है। भारत में जिहादी आतंकवादियों को बचाने के लिए इनके अनपढ़ और अशिक्षित होने का कवच पहना दिया जाता रहा है। भारत सहित विश्वभर में अनेकों जिहादी घटनाएँ सामने आई हैं, जहाँ पढ़े लिखे डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर सम्मलित पाए जा रहे हैं। ओसामा बिन लादेन, अल जवाहरी, अफजल गुरु व डॉ. उमर उन नबी जैसे अनेक आतंकी उच्च शिक्षित थे। भारत में अभी–अभी फरीदाबाद स्थित अल–फलाह यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉक्टर मुजम्मिल को विश्वविद्यालय में आतंकी निर्माण की गतिविधियों तथा टनों विस्फोटक सामग्री के निर्माण के आरोप में गिरफ्तार भी किया है। साथ ही डॉक्टर शाहीन शाहिद सहित अनेक डॉक्टर सुरक्षा एजेन्सियों द्वारा गिरफ्तार किए गए हैं। लाल किला क्षेत्र में हुए आतंकी विस्फोट में ये सब सम्मलित रहे हैं। तात्पर्य यह कि शिक्षित और प्रोफेशनल मुसलमानों का एक वर्ग जिहाद के लिए अधिक कट्टर है और ये भारत ही नहीं अपितु दुनियाँ भर के लिए घातक हैं।

वर्तमान में इस्लाम के मूल आदेशों को समझने की आवश्यकता है, जो उन्हीं के मजहबी ग्रन्थों में वर्णित हैं। इनके यहाँ जो इस्लाम को मानता है, उसे मोमिन तथा जो इस्लाम पर विश्वास नहीं रखता, उसे काफिर माना जाता है। 1981 में दिल्ली के एक न्यायालय ने भी यह स्वीकार किया था कि कुरान की 24 आयतों में वैमनस्य फैलाने की प्रवृत्ति है। काफिरों को छल, बल तथा धन से मोमिन यानि जिहाद के माध्यम से मुसलमान बनाने के लिए हदीस में छः प्रकार बताए गए हैं, जिन्हें जानना और समझना आवश्यक है।

1. जिहाद अल नफ्स – वैचारिक आधार पर नफरत । काफिरों के प्रति मन में घृणा पालना इसका प्रारम्भ है ।
2. जिहाद बिल कलाम – प्रचार करना, सोशल मीडिया के विभिन्न तन्त्रों का उपयोग इसमें सम्मिलित है।
3. जिहाद बिल माल – जिहाद के लिए धन से सहायता करना।
4. जिहाद बिल लिसान – वाणी से या कलम से। मौलवियों, मुस्लिम नेताओं के जहरीले भाषण, लेख आदि।
5. जिहाद बिल आमाल – जिहाद को अमल में लाना (लव जिहाद, थूक जिहाद, लैंड जिहाद, शिक्षा जिहाद। विभिन्न तन्त्रों पर जिहादियों के नियन्त्रण के प्रयास आदि इसके अन्तर्गत आते हैं)।
6. जिहाद अल किताल – घात लगाकर काफिरों पर हमला करना, प्रत्यक्ष युद्ध (बम विस्फोट, नरसंहार, त्योहारों पर हमले, गौहत्या, पत्थरबाजी आदि सब इसमें सम्मिलित हैं)।

जिहाद का यह क्रम विश्व–मानवता, भारत के संविधान और सामाजिक सन्तुलन के लिए गंभीर खतरा है। यह राष्ट्र की सुरक्षा और सामाजिक अखण्डता पर सीधा प्रहार है। हदीस के इन सन्दर्भों से समझा जा सकता है कि विगत 1400 वर्ष पूर्व जिनके पास पाँच गाँव नहीं थे, आज उनके 56 देश कैसे बन गए?

विश्व हिन्दू परिषद का प्रन्यासी मण्डल केन्द्र सरकार और सभी राज्य सरकारों से यह मांग करता है कि –

- ❖ जिहादी मानसिकता का बीजारोपण करने वाले मदरसों को पूर्ण रूप से सरकारी नियन्त्रण में लाया जाए, वहाँ के पाठ्यक्रम और सभी शिक्षकों पर निगरानी रखी जाए। देश के सभी अवैध मदरसों एवं मस्जिदों को बन्द किया जाए। मदरसों का वित्तीय अंकेक्षण और पाठ्यक्रम का मूल्यांकन किया जाए तथा उन्हें किसी प्रकार की वित्तीय सहायता न दी जाए। मदरसा–शिक्षा (तालीम) के स्थान पर राष्ट्रवादी शिक्षा लागू की जाए। इस्लामिक कट्टरपन्थी साहित्य पर प्रतिबन्ध लगाया जाए तथा इस्लामिक शिक्षा संस्थानों में चल रही अराष्ट्रीय गतिविधियों की जाँच की जाए एवं दोषी पाए जाने पर अविलम्ब कार्यवाही की जाए।
- ❖ बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों और अन्य मुस्लिम घुसपैठियों को देश से अविलम्ब बाहर निकाला जाए।
- ❖ जिहादी वित्तीय तन्त्र पर कठोर नियन्त्रण करें तथा इस्लामिक बैंकिंग और हलाल इकोनॉमी पर कठोर कार्यवाही करें।
- ❖ समान नागरिक संहिता लागू की जाए।

विश्व हिन्दू परिषद का प्रन्यासी मण्डल इस चुनौती के समाधान हेतु हिन्दू समाज से आह्वान करता है कि –

- ❖ हिन्दू जन्म दर कम ना होने दें।
- ❖ अपने–अपने क्षेत्र में होने वाली कोई भी अराष्ट्रीय या हिन्दू विरोधी घटना की जानकारी स्थानीय प्रशासन या संगठन को दें एवं स्वयं भी समाज को साथ लेकर उसका प्रतिकार करें।
- ❖ अपनी सन्तानों को हिन्दू संस्कारों से युक्त कर राष्ट्रवादी बनाएँ ताकि भविष्य में आने वाली किसी भी चुनौती का वे सामना कर सकें।
- ❖ सामाजिक संगठनों, मन्दिरों, शिक्षा संस्थानों तथा

सांस्कृतिक मंचों के माध्यम से जागरूकता, संवाद और वैचारिक प्रशिक्षण को सुदृढ़ करें।

- हिन्दुओं को बदनाम करने के लिए सोशल मीडिया पर फैलाए जाने वाले झूठे, भड़काऊ तथा राष्ट्रविरोधी अपप्रचार का तथ्यात्मक प्रतिकार करें।

विश्व हिन्दू परिषद के प्रन्यासी मण्डल का मत है कि जिहाद केवल न्याय व्यवस्था का विषय नहीं है, अपितु एक धार्मिक विश्वास है, जिसको मुसलमानों का एक बड़ा वर्ग मानता है। इससे वैचारिक आधार पर संघर्ष करना होगा। यह समझना होगा कि हिंसा का यह मार्ग वर्तमान मानवीय मूल्यों से मेल नहीं खाता है। इसमें अपेक्षित सुधार लाना होगा।

प्रस्तोता : श्री विजय शंकर तिवारी – गाजियाबाद
अनुमोदक : श्री रवि कुमार – विजयवाड़ा

वक्तव्य

मन्दिर की दानराशि एवं चल-अचल सम्पत्ति का उपयोग हिन्दूसमाज के लिए ही हो

- मन्दिर हिन्दू–आस्था के केन्द्र तथा पूजा हिन्दू समाज का सहज स्वभाव है। प्राचीन काल से ही मन्दिर धार्मिक जागरण एवं समाज–संचालन के प्रमुख केन्द्र रहे हैं। मन्दिरों द्वारा वेदशाला, आरोग्य शाला, संगीत शाला, गौशाला, मल्लशाला इन पंच शालाओं के साथ–साथ न्यायदान का कार्य भी सम्पादित किया जाता था। अपने देश में जब तक मन्दिर अपनी मूल भूमिका के साथ सक्रिय थे, तब तक देश, समाज और परिवार संस्था भी सुरक्षित और संस्कारित थी। मुगल शासनकाल में मन्दिर नष्ट–भ्रष्ट करने का प्रयत्न लम्बे समय तक चला, तब सर्व सामान्य समाज ने मन्दिर की रक्षा के लिए स्वयं का बलिदान दिया। मन्दिरों की सम्पन्नता को देखकर अंग्रेज सरकार ने कानून बनाकर मन्दिरों के धन का दुरुपयोग करने का मार्ग ही खोल दिया। अभी तक भारत में राज्य सरकारों द्वारा मन्दिरों के धन का दुरुपयोग चल रहा है। यह कदापि उचित नहीं है। हिन्दूसमाज श्रद्धा और आस्था से मन्दिरों में धन अर्पित करता है, सरकार द्वारा इस धन से धर्म विरोधी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाता है। मन्दिरों की जमीन का भी दुरुपयोग होता है। राज्य सरकारें मस्जिद और चर्च को धर्मांतरण और राष्ट्र–विरोधी गतिविधियों को चलाने की खुली छूट देती हैं।
- मन्दिर भारत की प्राचीन व्यवस्था के प्रमुख अंग थे। लाखों वर्षों तक हिन्दू समाज ने मन्दिरों का संवर्धन किया है। यहाँ के समाज को मन्दिर प्रबन्धन का दीर्घकालीन अनुभव है। अंग्रेजों ने मन्दिर के धन पर कब्ज़ा करने के लिए कानून बनाए और दुर्भाग्य से स्वाधीनता के पश्चात् भी भारत सरकार ने मन्दिरों की गरिमा और सामाजिक हित की ओर ध्यान न देते हुए अंग्रेजों की नीति को कानून के नाम से आगे बढ़ाया। इसी कारण मन्दिरों की दुर्दशा हुई तथा वही धन का दुरूपयोग हो रहा है।
- केरल के प्रसिद्ध शबरीमला मन्दिर के द्वार पर लगा हुआ करोड़ों रुपये के सोने पर सरकार द्वारा कब्जा किया गया है। वायनाड के विष्णु मन्दिर मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा "मन्दिरों का चढ़ावा और धन भगवान की सम्पत्ति है। इसे केवल मन्दिर के हित में ही उपयोग किया जाए या सुरक्षित रखा जाए। इसे निजी या सरकारी बैंकों को डूबने से बचाने के लिए उपयोग में नहीं लाया जा सकता। मन्दिरों का धन केवल राष्ट्रीय बैंकों में ही रखा जाए, ताकि उचित ब्याज मन्दिरों को प्राप्त हो सके।"
- सर्वोच्च न्यायालय ने मद्रास हाईकोर्ट के निर्णय को सुरक्षित रखा, जिसमें मन्दिर के कोष से मैरिज हॉल बनाने की अनुमति देने वाले कर्नाटक राज्य सरकार के आदेश को रद्द कर दिया था। कर्नाटक में एक और मामले पर सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि मन्दिर बोर्ड में केवल हिन्दू होने चाहिए।
- तमिलनाडू – चेन्नई हाईकोर्ट में राज्य सरकार द्वारा यह लिखित रूप से दिया गया – सन् 1977 से अब तक राज्य सरकार द्वारा मन्दिरों से 5 लाख किलो सोना लेकर उसे पिघलाकर बैंक में रखा गया है। जिससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपये का ब्याज मिलता है। सरकार का कहना है की यह धन मन्दिरों के विकास कार्य में लग रहा है। जबकि एक सर्वेक्षण के अनुसार तमिलनाडू राज्य में अभी तक 12000 मन्दिर बन्द हो गए हैं। 37000 मन्दिरों में चपरासी से लेकर पुजारी तक एक ही व्यक्ति नियुक्त किया है।
- तमिलनाडू का मन्दिर जमीन घोटाला – तमिलनाडू में मन्दिर के 50 हजार एकड़ जमीन का घोटाला सामने आया है।
- सन–1984–85 में HRCA विभाग के Record के अनुसार तमिलनाडू में मन्दिरों की 5 लाख 25 हजार एकड़ जमीन थी। सन् 2019–20 में उसी Department का policy note कहता है कि – तमिलनाडू में मन्दिरों की 4 लाख 78 हजार एकड़ जमीन है। तो हाईकोर्ट ने उन्हें पूछा कि 20 साल में – मन्दिरों की 47000 एकड़ जमीन कहाँ गई ? वास्तविक बात यह है की बची हुई 4 लाख 78000 एकड़ जमीन जो सरकार के पास है, उसपर भी अतिक्रमण है।
- सन 2021 में हाईकोर्ट ने यह जमीन खाली कराने का आदेश राज्य सरकार को दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने फिर हाईकोर्ट को इस मामले में ध्यान केन्द्रित करने को कहा। 16 सितम्बर 2025 को फिर इसी प्रकार का आदेश आया। इस जमीन पर 27 सरकारी अधिकारी, 49 उद्योजक, 38 प्रभावशाली व्यक्तियों का अवैध कब्जा है, ऐसा हाईकोर्ट ने कहा। अभी तक जमीन खाली नहीं हुई है।
- तमिलनाडू में "कार्तीगई दीपम्" की परम्परा पर विवाद खड़ा हुआ है। हिन्दू धर्म प्रकाश का उपासक है, इसलिए दीपावली का पर्व सर्वत्र मनाया जाता है। मदुरई के पास तिरुपरक कुन्द्रम पहाड़ी पर स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मन्दिर में छठी शताब्दी से कार्तिक मास में भगवान मुरुगन के जन्म से जुड़ा दीप प्रज्ज्वलन होता आ रहा है।

यह प्राचीन परम्परा छठी शताब्दी से चली आ रही है। सत्रहवीं शताब्दी में मन्दिर के पास बनी मजार के आधार पर अब इस परम्परा का विरोध करते हुए कोर्ट का सहारा लिया गया है।

- उच्च न्यायालय ने दीप जलाने की परम्परा को जारी रखने का आदेश दिया, तो हिन्दू विरोधी शक्तियाँ उनके विरोध में महाभियोग लाने का षडयन्त्र रच रही हैं। 100 से अधिक संसद सदस्यों ने हस्ताक्षर कर के महाभियोग का प्रस्ताव लोक सभा अध्यक्ष के समक्ष रखा है। यह इस देश की न्याय व्यवस्था के विरुद्ध देशद्रोही वामपन्थियों के द्वारा की जा रही अवमानना है, जो लोकतान्त्रिक भारत के संविधान और न्यायव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा खतरा है।
- जुलाई–2024 में आन्ध्र प्रदेश में राज्य सरकार बदलते ही श्री तिरुपति बालाजी मन्दिर में पवित्र प्रसाद के लिए जो घी का उपयोग किया गया, उसमें पाम तेल, जानवरों की चरबी और मछली का तेल पाया गया।
- तिरुपति मन्दिर में दान राशि देने वाले भक्तों को आशीर्वाद के रूप में सिल्क की चुनरी भेंट की जाती है। इसमें भी 54 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। सन् 2015 से 2025 तक यह भ्रष्टाचार चलता रहा। यह सनातन धर्म की आस्था के साथ कैसा खिलवाड़ हो रहा है।
- बिहार में तो 80 प्रतिशत मन्दिरों की जमीन पर अवैध कब्जा है। राजस्थान में भी बहुत बड़े पैमाने पर मन्दिरों की जमीन अवैध रूप से बेची जा रही है। आन्ध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में सरकार ने मन्दिरों की 500 एकड़ जमीन बेचने के निर्देश दिए हैं।
- जम्मू कश्मीर –
- माता वैष्णों देवी श्राईन बोर्ड के द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज में – 50 में से 46 छात्र मुस्लिम हैं। श्राइन बोर्ड में 1200 कर्मचारियों में से 417 मुस्लिम हैं। यह भी हिन्दू भाविकों के दान रूपी धन का दुरुपयोग है।

मन्दिरों में अहिन्दू एवं सनातन के प्रति आस्था शून्य प्रशासकों की नियुक्ति के कारण ही ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण प्रसंग घटित होते हैं, अतः आवश्यकता है कि मन्दिर प्रबन्धन मन्दिरों के प्रति श्रद्धावान व्यक्ति एवं संस्थाओं द्वारा संचालित किया जाए।

इस प्रकार से केवल हिन्दू मन्दिरों का धन और जमीनों की लूट की जा रही है। इसलिए सम्पूर्ण देशभर में मन्दिर के लिए एक समान कानून होना आवश्यक है, मन्दिर सरकार के नियन्त्रण से मुक्त होना भी आवश्यक है।

विश्व हिन्दू परिषद के प्रन्यासी मण्डल का स्पष्ट मत है कि Hindu Money for Hindu Causes – हिन्दू मन्दिरों की दानराशि एवं चल–अचल सम्पत्ति का उपयोग केवल हिन्दू समाज के हित के लिए ही हो।

राष्ट्रगीत वन्देमातरम् के १५० वर्ष

मातृभूमि की आराधना और सम्पूर्ण राष्ट्र जीवन में चेतना का संचार करने वाले अद्भुत गीत वन्देमातरम् की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद राष्ट्रगीत के रचयिता श्रद्धेय बंकिम चन्द्र चटर्जी को कृतज्ञतापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करती है। 1875 में रचित इस गीत को 1896 में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रकवि श्रद्धेय रविन्द्र नाथ टैगोर ने सस्वर गाकर श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया था। तब से यह गीत देशभक्ति का दीक्षा मन्त्र ही नहीं, अपितु राष्ट्रीय उद्घोष, राष्ट्रीय चेतना तथा राष्ट्र की आत्मा का प्रतिध्वनि बन गया है। वन्देमातरम् आज भी आबाल वृद्ध, सभी पीढ़ी के नागरिकों पर प्रेरक प्रभाव रखता है। इसका उच्चारण मात्र ही लोगों का हृदय स्फूर्ति से भर देश के लिए समर्पण करने हेतु प्रेरणा प्रदान करता है।

यह गीत भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम का प्रेरणा स्रोत बन क्रान्ति का मन्त्र बन गया था। इस मन्त्र का उच्चारण करते हुए क्रान्तिकारी सब प्रकार की यातनाओं को हंसते–हंसते सहन करते थे और अपने जीवन को न्यौछावर कर देते थे। नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक परम पूज्य डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार के बचपन की एक घटना से वन्देमातरम् के राष्ट्रव्यापी स्पन्दन की गहराई को समझा जा सकता है। इस महामन्त्र की व्यापकता को इस बात से समझा जा सकता है कि देश के अनेक विद्वानों और महापुरुषों जैसे महर्षि श्री अरविन्द, मैडम भीकाजी कामा, लाला हरदयाल, लाला लाजपत राय आदि ने अपने पत्र पत्रिकाओं के नाम में वन्देमातरम् जोड़ दिया था। महात्मा गाँधी भी कई वर्षो तक अपने पत्रों का समापन वन्देमातरम् के साथ करते रहे।

1907 तक के सभी आंदोलनों का मूल मन्त्र वन्देमातरम् ही था। स्वतन्त्रता संग्राम के सबसे प्रभावी एवं सफल आन्दोलन "बंग भंग आन्दोलन" की प्रेरणा वन्देमातरम् महामन्त्र ही था। आन्दोलनकारी इस महामन्त्र का जाप करते–करते सब प्रकार के अत्याचारों को सहन कर लेते थे। उस समय तक देश के सभी वर्ग मिलकर इस गीत का गायन करते थे। "विभाजन करो और राज करो" की नीति पर काम कर रही अँग्रेज सरकार इससे परेशान हो गई और वन्देमातरम् के गान पर 1907 में प्रतिबन्ध लगा दिया।1907 तक वन्देमातरम् का गायन करने वाले मुस्लिम नेताओं के एक समूह ने अचानक 1908 में काँग्रेस के अधिवेशन में वन्देमातरम् के गायन का विरोध किया। मुस्लिम तुष्टीकरण के कारण कुछ लोगों ने इस विरोध को तूल दिया। तब से वन्देमातरम् के विरोध के नाम पर पृथकतावादी राजनीति का प्रारम्भ हो गया।

वन्देमातरम् राष्ट्र की आत्मा का गान है, जो हर किसी को प्रेरणा देता है। 150 वर्ष बाद भी यह मन्त्र सम्पूर्ण देश को राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से ओत–प्रोत करने की क्षमता रखता है। राष्ट्रीय चेतना के पुनर्जागरण की इस पावन बेला में इस महामन्त्र को हृदयंगम करने की आवश्यकता है। आज जब क्षेत्र, भाषा, जाति आदि के आधार पर विभाजन करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, तब वन्देमातरम् वह सूत्र है, जो हमें एक रख सकता है। भारत के सभी क्षेत्रों, जातियों एवं भाषाओं में इसकी सहज स्वीकृति है। यह आज भी राष्ट्रीय जीवन की चेतना, सांस्कृतिक पहचान और एकात्मक भाव का स्थायी आधार है। यह तथ्य सम्पूर्ण राष्ट्र को विदित ही है कि मुस्लिम तुष्टीकरण के कारण ही राष्ट्र गीत का विभाजन किया गया था। सम्पूर्ण गीत में ही राष्ट्र की आत्मा परिलक्षित होती है।

विश्व हिन्दू परिषद राष्ट्र का आह्वान करती है कि सम्पूर्ण वन्देमातरम् का ही पठन किया जाए तथा इसे कंठस्थ कर विभिन्न कार्यक्रमों में भी सम्पूर्ण गीत का ही गायन किया जाए। राष्ट्र गीत के सामूहिक गायन के कार्यक्रमों का अधिक से अधिक संख्या में आयोजन करना चाहिए और इन कार्यक्रमों में समाज की प्रभावी सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

दिल्ली में विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक में धर्मस्वातंत्र्य विधेयक, नशामुक्ति, जनगणना तथा सरकारी नियंत्रण से मंदिरों की मुक्ति जैसे विषयों पर चर्चा तथा कार्ययोजना पर पूज्य धर्माचार्यों ने महत्व के निर्णय लिये

विहिप के विश्व विभाग के पूर्व महामंत्री व उपाध्यक्ष तथा हिंदू - बौद्ध समन्वय में दक्ष श्री मोहन धर दीवान जी का देवलोक गमन



श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए अग्रणी रहे पूर्व सांसद और प्रख्यात संत डॉ. रामविलास दास वेदांती जी महाराज का देवलोक गमन। विश्व हिन्दू परिषद एवं 'हिन्दू विश्व' की ओर से हार्दिक श्रद्धांजली !

"LPC DELHI, DELHI PSO, DELHI RMS, DELHI-6
email:hinduvishwa@gmail.com
website: www.vhp.org

Postal Regd. No. DL-SW-01/4031/24-26
समाचार पत्र पंजी. सं. 68516 / 98
प्रकाशन तिथि : 28.12.2025
प्रेषण तिथि : 14-15 (अग्रिम-पाक्षिक)

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

सशक्त महिला - समृद्ध राजस्थान

5 लाख लाभार्थी महिलाएं
₹170 करोड़ का भुगतान
मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना

24,686 कन्याएं
₹96.24 करोड़ का अनुदान
कन्या विवाह

बालिका जन्म पर **₹1 लाख से** बढ़ाकर ₹**1.50 लाख**
लाडो प्रोत्साहन योजना

20 प्रतिशत की वृद्धि
आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का मानदेय

2,216 पद स्वीकृत
तीन महिला बटालियन

9.92 लाख महिलाएं
₹531 करोड़ का अनुदान
देय राशि **5,000 से बढ़ाकर 6,500**
प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

7,446 लाभान्वित जोड़े
₹20.36 करोड़ का अनुदान
सामूहिक विवाह योजना

₹450 में घरेलू गैस सिलेंडर
₹867 करोड़ का अनुदान
मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना

19.24 लाख पेंशनरों को
₹6,234 करोड़ का भुगतान
एकल नारी सम्मान पेंशन योजना

20 प्रतिशत बढ़ाकर
₹6,428 प्रतिमाह
साथिन का मानदेय

1.37 लाख स्वयं सहायता समूहों को
₹669 करोड़ की राशि
महिला आजीविका संवर्धन

19.45 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण
12.06 लाख महिलाएं
लखपति दीदी

500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट
500 स्कूटी
2,000 कॉन्स्टेबल पदों का सृजन
महिला सुरक्षा

90 वन धन विकास केंद्र गठित
15,878 जनजाति महिलाएं लाभान्वित
पीएम-जन मन योजना

10.51 लाख साइकिलें
39,586 स्कूटियां
छात्राओं को वितरण

4.18 लाख पेंशनरों को
₹647.58 करोड़ का भुगतान
विधवा पेंशन योजना

₹215.66 करोड़
2,418 ऋण आवेदन
मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना

2.21 लाख को
₹4,992 करोड़
स्वयं सहायता समूहों को ऋण

58,397 छात्राओं को
₹102.80 करोड़ की प्रोत्साहन राशि
कृषि अध्ययन को बढ़ावा

1.22 करोड़ महिलाओं एवं बालिकाओं को
प्रति माह 12 नैपकिन
नि:शुल्क सैनेटरी नैपकिन

4.14 लाख बालिकाएं
₹181 करोड़
बालिकाओं को विभिन्न योजनाओं में सहायता

राजस्थान संवाद

दो वर्ष की उपलब्धि - आत्मनिर्भर महिला शक्ति

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

प्रकाशक व मुद्रक हरिशंकर द्वारा सचिव, साहित्य एवं दृक्श्राव्य सेवा न्यास की ओर से 'रॉयल प्रेस' बी–82, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेस–1, नई दिल्ली–110020 से छपवाकर संकटमोचन आश्रम, सेक्टर–6, रामकृष्णपुरम्, नई दिल्ली–22 से प्रकाशित। सम्पादक : विजय शंकर तिवारी